Downloaded from: justpaste.it/DelhiElectiOn

# Delhi  Election 2020: अमित शाह को केजरीवाल की चुनौती, कहा जल्द करों मुख्यमंत्री की घोषणा

## 8 फरवरी को होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने कमर कस ली है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है

8 फरवरी को होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने कमर कस ली है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है साथ ही इस दौरान सीएम केजरीवाल ने भाजपा को आड़े हाथ भी लिया। भाजपा को चुनौती देते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा भाजपा 5 फरवरी 1:00 बजे तक पीएम के चेहरे का खुलासा करें। वह भाजपा के CM चेहरे के साथ किसी भी बहस को लेकर तैयार है

Shaheen Bagh-चार महीन के बच्चे की मौत, मां ले जाती थी प्रदर्शन में

इसके साथ ही सीएम केजरीवाल ने कहा की अमित शाह इस बात का निर्णय लेते हैं कि भाजपा सीएम पद के लिए किसे चुनती है, लेकिन दिल्ली के लोगों के पास शक्ति है वे अपने सीएम को खुद चुन सकें। केजरीवाल ने कहा, ‘हम बीजेपी को कल (5 फरवरी) को 1 बजे तक का समय सीएम का चेहरा घोषित करने के लिए देते हैं

गौरतलब है कि, AAP ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले मंगलवार को मैनिफेस्टो जारी कर दिया है। इस दौरान AAP नेताओं ने कहा कि चुनाव घोषणापत्र में सीएम केजरीवाल के दिल्ली के भविष्य का विजन शामिल किया गया है